हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 जून 2025

तापमान
अधिकतम 28.7 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 एकलव्य विद्यालय बोर्ड परीक्षा में कमजोर...



12 गायब बहन की तलाश करने मायूस भाई ने लगाई...





## खबर संक्षेप

### विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण



**बीजापुर।** महिला बाल विकास विभाग नया रायपुर एवं कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार उपजेल निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा 18 जून को उपजेल का निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। जिसमें निरीक्षण के दौरान उपजेल बीजापुर के बैरक में कुल 222 निरूद्ध बंदी पाये गये। सभी बंदियों से पूछताछ की गई, जेल निरीक्षण के दौरान उप जेल मुख्य पहरी एवं विशेषज्ञ समिति के बाडसे नागू सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, मिली सत्यन सदस्य बालक कल्याण समिति राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, कु. आनंदमई मल्लिक विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, सन्दीप चिडेम उपस्थित रहे।

### डिपो में लकड़ी कम, शव दहन में हो रही दिक्कत

**जगदलपुर।** वन विभाग के अंतर्गत संचालित खड़क घाट डिपो में शवदाह के लिए दी जाने वाली लकड़ियों की व्यवस्था पर स्थानीय



नागरिकों एवं पार्षदों द्वारा लगातार शिकायतों के बावजूद विभागीय लापरवाही जारी है। विगत दिवस पूर्व कांग्रेस पार्टी पार्षद दल द्वारा प्रवीण वार्ड के पार्षद शेख जाहिद एवं निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में वनमण्डलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई थी कि शवदाह हेतु उपयुक्त मात्रा व गुणवत्ता की लकड़ी निस्तार दर पर उपलब्ध कराई जाए। दुर्भाग्यवश अब तक इस संबंध में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है।

### करपावंड में मनाया गया विश्व सिकलसेल दिवस



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी के निर्देश, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम के नेतृत्व में विश्व सिकल सेल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करपावंड में दिवस मनाया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणों को सिकल सेल के लक्षण को विस्तार पूर्वक ग्रामीण चिकित्सा सहायक रोशन निर्मलकर द्वारा बताया गया। साथ ही कहा कि यह एक आनुवांशिक बिमारी है एवं समय पर इसका इलाज किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. राजेश कनाटे, दशराम बघेल, कुंती कश्यप, बकावंड पर्यवेक्षक दिनेश पराते सहित करपावंड के समस्त स्टाप मौजूद रहे।

# मुण्डागांव लेम्प्स में अप्रैल से नहीं मिल रही खाद, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

## पूर्व विधायक ने कहा- जब से भाजपा की सरकार बनी किसान परेशान

बस्तर जिले के भानपुरी तहसील के अंतर्गत ग्राम मुंडागांव में पूर्व विधायक चंदन कश्यप किसानों की समस्या को सुनने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान क्षेत्र के परेशान किसानों ने बताया कि अप्रैल माह से लेम्प्स का चक्कर कट रहे है, जून माह खत्म हो रहा लेकिन आज भी खाद नहीं मिल रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। कश्यप ने किसानों की समस्या सुनने के बाद किसानों को अपने साथ लेकर तत्काल मुंडागांव लेंप्स पहुंचकर कर्मचारियों से जानकारी ली और किसानों की समस्या को दूर करने कहा है। उन्होंने बताया कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से पूरे प्रदेश में किसान परेशान हैं। आज किसानों के साथ उनकी समस्याओं के समाधान के लिए मुंडागांव लेंप्स पंहुचा। कर्मचारियों से बात की तो पता चला कि यूरिया, पोटाश, डीएपी और अन्य खाद लगभग 2 हजार टन से अधिक अप्रैल माह में ऑर्डर किए थे। लेकिन जून माह खत्म होने को है, अभी तक मात्र 500 टन खाद आयी है। खाद की कमी से किसान परेशान हैं। कृषि विभाग के उपसंचालक राजीव श्रीवास्तव ने बताया विभाग द्वारा शासन को मांग के आधार पर रिपोर्ट भेजी जाती है। खाद का भंडारण जिले के विभिन्न लेम्प्स सोसायटियों में डीएमओ द्वारा ▶▶|शेष पेज 10 पर

अलग खबर



### एकनालेंज्मेंट नही था, अब किसानों को मिल रही खाद

मुण्डागांव आदिमजाति सहकारी समिति में एकनालेंज्मेंट नहीं होने से सिस्टम में कंपनी का नम्बर फीड नहीं हुआ था। नम्बर फीड होने के बाद किसानों को खाद उपलब्ध करायी जा रही है।मुण्डागांव में खाद की समस्या नहीं है। केवल डीएपी खाद में थोड़ी समस्या है,जिसे शीघ्र पूरा किया जाएगा।
-एस ए रजा, एसीईओ, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक,जगदलपुर

## प्रेसवर्ता: बीजापुर में दो छात्र समेत तीन की हत्या की समाज ने की निंदा

# हमने कभी हिंसा का समर्थन नहीं किया और न आगे करेंगे: सर्व आदिवासी समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बस्तर के मौजूदा हालात और समस्याओं पर सरकार का ध्यानाकर्षण करने रखी अपनी बात

बीजापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पैद्दाकोरमा के दो छात्र समेत तीन की हत्या के बाद गुरूवार को सर्वआदिवासी समाज के पदाधिकारियां ने प्रेसवार्ता कर कहा कि समाज ने कभी हिंसा का समर्थन नहीं किया और ना आगे करेगा। और इस विषय की गंभीरता को लेकर समाज की जल्द बैठक होनी है जिसमें आगे क्या कदम उठाए जाने है इस पर चर्चा की जाएगी।

गोंडवाना भवन बीजापुर में आयोजित प्रेसवार्ता में सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी व समाज के पदाधिकारी कमलेश्वर सिंह पैंकरा ने कहा कि जो पीड़ित है वे आदिवासी समुदाय से है और आदिवासी समाज हमेशा से ऐसी हिंसा की निंदा करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। पैकरा ने कहा कि हाल में घटी घटना दुर्भाग्यजनक है, लिहाजा इसे लेकर समाज जल्द एक बैठक करेगा और अपनी कड़ी प्रतिक्रिया जरूर दर्ज करवाएगा समाज इससे पूर्व भी कई मामलों को प्रमुखता से उठा चुकी है। पूर्व में भी जांच समिति के जरिए कई घटनाओं की पड़ताल समाज कर चुका है इस मामले में भी बैठक कर घटना की जांच के लिए जांच दल का गठन कर अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज नक्सलवाद की समस्या का समाधान चाहता है इसलिए निराकरण को लेकर जिस तरह के स्टेप लिए जा रहे है उसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। रही बात नक्सलियों से शांति वार्ता की तो आदिवासी समाज हमेशा ▶▶|शेष पेज 10 पर



### बस्तर में बिगड़ती परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की

*प्रेस वार्ता में समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि आदिवासियों के आवाजों को दबाने का व्यवस्थित प्रयास किया जा रहा है और कई ज्वलंत मुद्दों पर सरकार और प्रशासन की चुप्पी बनी हुई है। उन्होंने आवाजों को कुचलने का आरोप भी लगाया है। समाज ने स्पष्ट किया कि बस्तर अंचल में विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाने वाले संगठनों और व्यक्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। हाल ही में तेंदूपत्ता बोनस घोटाले को उजागर करने वाले पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के घर पर छापे को इसी कड़ी में देखा जा रहा है। समाज का कहना है कि शिकायतकर्ता पर ही कार्रवाई करना यह दशार्ता है कि यह आवाजों को दबाने की कोशिश है। सजाज ने शिक्षा के गिरते स्तर पर भी चिंता व्यक्त की गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के कारण स्कूलों में विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना नहीं हो पा रही है। इससे आदिवासी अंचल में शिक्षा की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ रहा है। समाज ने मांग की कि बच्चों की संख्या के बजाय कक्षा और विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति की जाए विशेषकर बस्तर जैसे शिक्षा में पिछड़े क्षेत्र में। इस दौरान वरिष्ठ आदिवासी नेता कवासी लखमा की गिरफ्तारी, पेसा और वन अधिकार कानून का उल्लंघन करने तथा वन अधिकार कानून के प्रावधानों का बस्तर में सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं होने, राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से आदिवासियों और गैर-आदिवासियों की जमीनों पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किए जाने तथा पिछले 5-6 सालों से लगातार बांग्लादेशी अवैध घुसपैठियों द्वारा प्राकृतिक और मानवीय संसाधनों पर अवैध हड़पांतरण का मुद्दे पर भी अपनी बात रखी।*

# दिव्यांग महिला कर्मचारी से 6 वर्ष में 9 लाख की ठगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लक्की ड्रा के नाम पर महिला शासकीय कर्मचारी से लाखों रूपए की ठगी करने वाले आरोपी को बस्तर पुलिस ने मध्यप्रदेश के निवाड़ी से गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा लक्की ड्रा निकलने व ईनाम का झांसा देकर दिव्यांग महिला कर्मचारी से इस दौरान 9 लाख रूपए की ठगी किया गया जिसका एहसास होने के बाद पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज होते ही आरोपी को सायबर सेल की मदद से एमपी से गिरफ्तार किया गया।

पत्रवार्ता में सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लक्की ड्रा के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी द्वारा शासकीय महिला कर्मचारी से वर्ष 2019 से अब ▶▶|शेष पेज 10 पर

### बैंक मैनेजर बनकर आरोपी के घर पहुंची गठित विशेष टीम

मामले में आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा विशेष टीम गठित किया गया था। टीम में शामिल निरीक्षक सुरेश कुमार जांगड़े एसआई प्रमोद कुमार ठाकुर, प्रधान आरक्षक लवण पानीग्राही, आरक्षक महेन्द्र पटेल को एमपी रवाना किया गया था। टीम द्वारा पहले रैकी की गई फिर बैंक मैनेजर बनकर आरोपी के घर जाकर बकाया लोन के वसूली का हवाला देकर घेराबंदी कर उसे उसके निवास ग्राम बहेरा थाना टेहरका जिला निवाड़ी एमपी से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी धर्मेन्द्र कुशवाहा पिता हरचरन कुशवाहा 31 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

# अंधड़ से उड़ गई इंटर प्रिटेशन सेंटर की शीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के तीरथगढ़ में पर्यटकों की सुविधा के लिए कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की ओर से 7 माह पूर्व 65 लाख रूपए की लागत से इंटर प्रिटेशन सेंटर बनाया। इस सेंटर का शीट अंधड़ से उड़ गई, जिससे विश्व प्रसिद्ध तीरथगढ़ जलप्रपात दिदार के लिए पहुंचे पर्यटक सेंटर में नहीं जा पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सेंटर से लोगों को वनों, वन्य जीवों और पर्यावरण के बारे में जानकारी दी जा सके। यह केंद्र आगंतुकों को वनों के महत्व, वन्यजीवों के संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के बारे में शिक्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इंटरप्रिटेशन सेंटर एक ऐसा स्थान है जहां आगंतुकों को विभिन्न प्रकार की सूचनाएं, प्रदर्शनियां और गतिविधियां प्रदान की जाती हैं, ताकि वे उस विषय के बारे में अधिक जान सकें। वन विभाग द्वारा स्थापित इंटरप्रिटेशन सेंटर का मुख्य उद्देश्य लोगों को बस्तर के कल्चर, वनों, वन्यजीवों और पर्यावरण के बारे में जागरूक करना है। यह सेंटर आगंतुकों को वनों के महत्व, वन्यजीवों के ▶▶|शेष पेज 10 पर

# तिलक लगाकर और पुस्तक देकर हुआ बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहंडीगुड़ा में नवीन शिक्षा सत्र में नवप्रवेशित बच्चों के साथ शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बसंत कश्यप ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया एवं छात्रों को राज्य सरकार द्वारा प्राप्त पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के महत्व के बारे में कहा शिक्षा मनुष्य का सबसे बड़ा हथियार है इसी के माध्यम से व्यक्ति का विकास होना संभव है इसलिए मन लगाकर पढ़ाई कर अपने भविष्य के उज्जवल बनाएं। नास्ता एवं चॉकलेट वितरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या मनोरमा बौद्ध एवं ग्राम पंचायत धुरागांव के पंचगण एवं शिक्षक सुरेश खापर्डे, चंद्रभूषण ठाकुर, बंकिम यादव, जेनिस चांद, अपराजिता भोंसले, धनेंद्री नाग, भूपेंद्र साहू, अंकित दास, सरोज पटेल, भदर भारद्वाज, रंजना मिश्रा, श्रीधर भारद्वाज एवं सभी स्टाफ उपस्थित थे।






# निजी ट्रेव्हल्स के बस परिचालक की गुण्डागर्दी, पैसेंजर का फोड़ा सिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शौच के लिए बस को रूकवाना व्यापारी को पड़ गया भारी

रायपुर से सुकमा आने वाली पायल बस के परिचालक की गुण्डागर्दी का मामला प्रकाश में आया है। परिचालक द्वारा पैसेंजर पर उस समय हमला कर दिया गया जब उसने शौच जाने के लिए परिचालक से गुहार लगाई जो परिचालक को इतना नागवार गुजरा की उसने लोहे के रॉड से पैसेंजर पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक शौच के लिए बस रूकवाना बस सवार व्यवसायी को तब भारी पड़ गया जब उसने शौच के लिए बस रूकवाने को कहा इसी दौरान भानपुरी के पास पायल बस परिचालक ने व्यापारी पर हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। पिड़ित सुकमा निवासी व्यवसायी मनीष चांडक ने बताया कि वह रायपुर से पायल बस क्रमांक सीजी 07 सीएल 6030 में सवार होकर सुकमा आ रहा था। उन्होने बताया कि करीब एक घंटे से शौच के लिए बस को रूकवाने तथा दरवाजा खोलने के लिए आवाज दे रहा था। लेकिन बस चालक एयरफोन से गाना सुन रहा था और परिचालक सो रहा था दोनो ने आवाज नहीं सुनी। उसके बाद में अपने दोस्त को जाकर बताया कि बहुत देर से शौच के लिए बस रूकवा रहा हूं लेकिन बस का दरवाजा नहीं खोला जा रहा है। जिसके बाद दोनो ने फिर से जोर-जोर से बस के ▶▶|शेष पेज 10 पर





SUCCESS CONVENT
HIGHER SECONDARY SCHOOL
WE ARE HIRING! TEACHER
Apply Before 24 June 2025
OPEN POSITIONS:
• Accountancy
• Economics
Qualification: Post Graduate with minimum B.Ed and at least 2 years teaching experience from a reputed school.
More Information :9993682697, 9752621415
Pt. Dindayal Upadhyay Ward No. - 19, Azad Chowk, Jagdalpur, Bastar

रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII - CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से सैकड़ो विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन कर रहे है। छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।
ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।
Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425565777, 9039800929

## वन भूमि में अतिक्रमण कर ट्रैक्टर से जुताई करते मिले आरोपी

# तीन ट्रैक्टर जब्त कर 3 आरोपियों का हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के भानपुरी परिक्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण कर जुताई कार्य कर रहे तीन आरोपियों पर कार्रवाई की और तीनों आरोपियों के कब्जे से ट्रैक्टर जब्त कर राजसात कार्रवाई की जा रही है। इसकी सूचना पर सीसीएफ ने जिले के डीएफओ को निर्देश दिए कि वन भूमि पर अतिक्रमण को हटाकर संबंधित आरोपी को कार्रवाई करें। इसके चलते डीएफओ, एसडीओ के नेतृत्व में रेंजर अपनी अधीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अतिक्रमण हटाने में जुट गए हैं। इसी दौरान वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन, मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देश अनुसार उप वन मंडलाधिकारी आईपी बंजारे के नेतृत्व में टीम गठित किया। टीम के परिक्षेत्र अधिकारी ▶▶|शेष पेज 10 पर



### सख्त कार्रवाई की जा रही

*सीसीएफ आरसी दुग्गा ने बताया कि बस्तर में वन भूमि पर अतिक्रमण की कार्रवाई वन मंत्री के निर्देश किया जा रहा है, अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसलिए वन भूमि पर अतिक्रमण न करें। ऐसे अतिक्रमणकारियों को बक्शा नहीं जाएगा, उनके ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### शहीद स्मारक में तोड़फोड़ कांग्रेस ज्ञापन देगी आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर लालबाग में स्थित झीरम घाटी शहीद स्मारक में शहीदों की प्रतिमा के साथ आसामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ कर शहीदों का अपमान करने व रखरखाव के अभाव को लेकर 20 जून को 12 बजे नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जायेगा। अध्यक्ष सुशील मौर्य ने समस्त कांग्रेसियों से उपस्थित होने को कहा है।

### श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पदाधिकारी लेंगे शपथ 22 को

**केशकाल!** प्रदेश के सबसे बड़े धार्मिक,आध्यात्मिक सगठन श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के नवमनोनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रतिष्ठान की वेबसाइट का शुभारंभ 22 जून को प्रातः 11बजे से गुंडरदेही स्थित शारदा वाटिका में किया जाएगा। समारोह में अतिथि संत श्री उमेशानंद गिरी,प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद छत्तीसगढ़ मंडल महंत, राजिम, संत वीरेंद्र महाराज, कामधेनु मंदिर भेंडी बालोद, मोहन मंडावी संरक्षक तुलसी मानस प्रतिष्ठान एवं पूर्व सांसद कांकेर, नंद गुप्ता समाजसेवी रायपुर, तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, प्रमोद जैन अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख करेंगे। समारोह के सफल आयोजन के लिए रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसमें महामंत्री राजेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष छगन यदु,प्रदेश प्रवक्ता सीता राम साहू श्याम, प्रमोद जैन, लिलार सिन्हा,बलराम साहू, त्रिभुवन साहू,छबीलाल सार्वा,सुरेश देशमुख शामिल हुए। जिलाध्यक्ष लीलर सिन्हा द्वारा बालोद जिला के तहसील अध्यक्षों को आयोजन से संबंधित दायित्व सौंपा गया है।उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव राजेंद्र ठाकुर व प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेश गायकवाड़ ने बताया, बैठक मे प्रदेश की सभी तहसील, जिला व राज्य के पदाधिकारी व सभी मानस मडलियों को आमंत्रित किया गया है।

### शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में होगा ईकेवायसी 30 तक

**कोण्डागांव।** एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजनांतर्गत राज्य के सभी हितग्राहियों का ईकेवायसी ई–पॉस उपकरण के जरिए किया जा रहा है। कोण्डागाव जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत एक लाख 57 हजार 602 राशनकार्ड प्रचलित है। जिसमें 5 लाख 90 हजार 537 सदस्य पंजीकृत हैं, जिनमें 5 लाख 25 हजार 385 सदस्यों का ई–केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 65 हजार 152 सदस्यों का ई–केवाईसी कार्य शेष है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित 05 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई–केवाईसी में छूट दिया गया है। हितग्राहियों की सुविधा के लिए उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई–पॉस मशीनों से ई–केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त हितग्राही 'मेरा ई–केवाईसी' एप के माध्यम से भी स्वयं ई–केवाईसी एप एंड्रॉयड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर राज्य का चयन कर आधार नम्बर डालकर एवं ओटीपी के माध्यम से फेस ई–केवाईसी कर सकते हैं। सभी पंजीकृत हितगग्राहियों से 30 जून तक अनिवार्य रूप से ई–केवाईसी पूर्ण कराने को कहा गया है।

# कोनगुड़ में उरंदाबेड़ा पुलिस का चलित थाना नशामुक्ति और जनजागरुकता पर दिया जोर

## थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को किया जागरूक, कानून और सुरक्षा से जुड़ी दी महत्वपूर्ण जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के सरहदी ग्राम पंचायत कोनगुड़ में 19 जून को उरंदाबेड़ा पुलिस द्वारा साप्ताहिक बाजार के दौरान चलित थाना का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के निर्देशन और एसडीओपी श्री अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ शरीर को ही नहीं, परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। नशा छोड़ने और अपने परिवार को सुरक्षित रखने की अपील की गई। चलित थाना के दौरान थाना प्रभारी ने सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट के महत्व को बताया और सभी से आग्रह किया कि दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। ग्रामीणों को सायबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए। किसी भी सायबर फ्रॉड की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी गई। एटीएम धोखाधड़ी, फर्जी बैंक कॉल की शिकायत भी इसी नंबर पर की जा सकती है। पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध, अभिव्यक्ति ऐप, एवं महिला अत्याचार से संबंधित कानूनी अधिकारों पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया।



### बाहरी व्यक्ति की सूचना अनिवार्य रुप से देने की हिदायत

पुलिस ने ग्रामीणों से कहा कि गांव में यदि कोई बाहरी व्यक्ति आकर निवास करता है तो उसकी जानकारी तुरंत थाना को देने की हिदायत दी गई। इससे संभावित आपराधिक घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलेगी। जागरूकता अभियान में ग्राम कोनगुड़ के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे और पुलिस के प्रयासों की सराहना की। पुलिस ने सभी को आश्वासन दिया कि वे किसी भी प्रकार की आपराधिक जानकारी सीधे थाना या मोबाइल नंबर के माध्यम से साझा कर सकते हैं।

## बैठक : कलेक्टर ने बेहतर प्रदर्शन के लिए दिए सख्त निर्देश

# एकलव्य विद्यालय बोर्ड परीक्षा में कमजोर परिणाम पर प्राचार्यों का वेतन रोका गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ आगामी आदेश तक वेतन रोकने का कहा

जिले के आदर्श एकलव्य विद्यालय गोलावंड में आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने पांचों एकलव्य विद्यालयों चिचाडी, शामपुर, गोलावंड, कोरगांव और बेड़मा के प्राचार्यों के साथ शैक्षणिक सत्र 2024–25 के बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विगत सत्र में अपेक्षित परीक्षा परिणाम न आने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में शिक्षक होने के बावजूद कमजोर प्रदर्शन चिंताजनक है। प्राचार्यों से विद्यार्थियों के कमजोर प्रदर्शन के कारणों की विस्तृत जानकारी मांगी। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री तिवारी को सभी प्राचार्यों और शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई करने। अग्रिम आदेश तक उनका वेतन भुगतान रोकने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी प्राचार्यों को अपने अधीनस्थ शिक्षकों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।



**बेहतर प्रदर्शन के लिए बनाएं कार्ययोजना:** कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए पांच दिनों के भीतर एक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस सत्र से प्रत्येक सप्ताह साप्ताहिक टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक माह सभी विद्यार्थियों की समग्र विषयगत प्रगति रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाएगी। टेस्ट प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए, सभी विषयों के लिए अलग–अलग टेस्ट कॉपियाँ तैयार करने का निर्देश दिया गया। जिससे विद्यार्थियों को तैयारी में सुविधा हो और शिक्षकों को मूल्यांकन में स्पष्टता मिले। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सभी प्राचार्यों को नवाचारी शिक्षण पद्धतियाँ अपनाने का निर्देश दिया, ताकि बच्चों की समझ और रुचि दोनों में वृद्धि हो सके। कलेक्टर ने बताया कि इस सत्र में आयोजित होने वाली शिक्षक–पालक बैठकों में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति होगी, जहां प्रत्येक बच्चे की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, समाज कल्याण विभाग के श्रीमती ललिता लकड़ा, स्वास्थय विभाग के डा. आर के सिंह, श्रीमती भावना मल्हार, मर्दापाल तहसीलदार विजय सिंह उपस्थित रहे।

# खेल-खेल में 4 बच्चों ने रतनजोत खाया अस्पताल में बची जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

बीती रात नेलवाड़ गाँव से एक गंभीर घटना सामने आई जहाँ एक ही परिवार के चार छोटे बच्चों ने खेल-खेल में रतनजोत का विषैला फल खा लिया। इनमें तीन सात वर्षीय बालक एवं एक चार वर्षीय बालिका शामिल हैं। सभी बच्चों को अर्ध-बेहोशी की स्थिति में जिला अस्पताल नारायणपुर लाया गया।


इस आपातकालीन स्थिति से तत्काल निपटते हुए जिला अस्पताल के आपातकालीन डॉक्टर डॉ. हिमांशु सिन्हा ने नर्सिंग स्टाफ राजबती करंगा और रूबी कुलदीप, ड्रेसर दिनेश, वार्ड बॉय रूपेन्द्र और नमिश के साथ मिलकर त्वरित कार्रवाई की। बच्चों को आवश्यक प्रक्रिया एवं आपातकालीन दवाओं के माध्यम से लगभग दो घंटे के अथक प्रयास के बाद स्थिर किया गया। चिकित्सा टीम की तत्परता और समर्पण से चारों बच्चों की जान बच सकी।

### बच्चों का रखें निगरानी

स्वास्थ्य विभाग ने इस घटना के बाद अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों पर खेलते समय निगरानी रखें। उन्हें अज्ञात या जंगली फलों के सेवन से रोकें, विशेष रूप से रतनजोत जैसे विषैले पौधों से।

# कोंडागांव को मिली डीआईईटी की ऐतिहासिक सौगात, वर्षो पुरानी मांग हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोंडागांव और सुकमा जिले को अब मिला जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान। यह सौगात न केवल शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाएगी बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी अहम भूमिका निभाएगी। कोंडागांव विधायक और बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी के निरंतर प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हो पाई। उन्होंने लंबे समय तक इस मुद्दे को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया। कोंडागांव में पहले से एक बीआइटीई ब्लॉक शिक्षक शिक्षा संस्थान का भवन था, लेकिन डीआइईटी के रूप में उन्नयन नहीं हो सका था। अब शिक्षा विभाग ने इसकी मंजूरी देकर सपना साकार कर दिया है। कोंडागांव आदिवासी बहुल जिला है। डीआइईटी की स्थापना से स्थानीय शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे बच्चों को समावेशी और नवाचार–युक्त शिक्षा मिल सकेगी। डीआइईटी की स्थापना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। यह संस्थान बच्चों की व्यक्तिगत विभिन्नताओं को ध्यान में रखकर समग्र विकास की ओर मार्ग प्रशस्त करेगा। विधायक लता उसेंडी ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने बस्तर की शिक्षा को नई दिशा देने का कार्य किया है। हम क्षेत्र की जनता और शिक्षकों की ओर से उनका आभार व्यक्त करते हैं।

### जनहित में लिया गया निर्णय

यह निर्णय स्पष्ट करता है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की सरकार शिक्षा के प्रति कितनी प्रतिबद्ध है और बस्तर के भविष्य को लेकर कितनी संवेदनशील। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, समाज कल्याण विभाग के श्रीमती ललिता लकड़ा, स्वास्थय विभाग के डा. आर के सिंह, श्रीमती भावना मल्हार, मर्दापाल तहसीलदार विजय सिंह उपस्थित रहे।

# नए सत्र के पहले रसोइयों को खाद्य सुरक्षा के लिए दिया गया प्रशिक्षण



203 रसोइयों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के माध्यम से राज्य में शासकीय स्कूलों में खाना बनाने एवं परोसने वाले रसोइयों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। शहर में बुधवार को फोस्टेक प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के समस्त स्कूलों में संचालित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में संलग्न रसोइया शामिल हुए। कोण्डागांव, फरसगांव और माकड़ी विकासखण्ड के रसोइयों का प्रशिक्षण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में हुआ। केशकाल व बड़े राजपुर विकासखण्ड के रसोइयों का प्रशिक्षण बीआरसी भवन केशकाल में कराया गया। जिसमें कुल 203 रसोइयों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण एफएसएसएआई के अधिकृत ट्रेनिंग पार्टनर द्वारा दिया गया।

### हाथों की साफ सफाई, फूड पॉयजनिंग के बारे में दी जानकारी

ज्ञात हो कि शालाओं में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित हो और नए सत्र में शाला संचालन के पूर्व ही एफएसएस एक्ट के अनुसार रसोई की साफ सफाई व व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। ताकि खाद्य सामाग्रियों को दूषित करने वाले किसी प्रकार के खतरे से बचा जा सके। प्रशिक्षक द्वारा रसोइयों का खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीयन बनवाने खाद्य सामाग्रियों की साफ सफाई, पीने के पानी का रखरखाव, भोजन को दूषित करने वाले भौतिक, जैविक व रसायानिक खतरे भोजन पकाने के पूर्व हाथों की साफ सफाई, फूड पॉयजनिंग आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# किशोर न्याय बोर्ड व वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिव प्रकाश त्रिपाठी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गायत्री साय ने आज नारायणपुर स्थित किशोर न्याय बोर्ड एवं सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को दी जा रही चिकित्सा, कानूनी, मनोसामाजिक और सुरक्षा सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सेंटर में रह रही महिलाओं की स्थिति का अवलोकन करते हुए उन्हें प्राप्त सहायता की वास्तविकता को परखा। किशोर न्याय बोर्ड नारायणपुर का निरीक्षण करते हुए सुश्री गायत्री साय ने बोर्ड की कार्यप्रणाली, मामलों की सुनवाई प्रक्रिया, दस्तावेजों के रख–रखाव और बालकों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं




बोर्ड सदस्यों के साथ संवाद कर मामलों के शीघ्र और संवेदनशील निपटारे पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि क्या किशोरों के पुनर्वास एवं समाज में पुनः एकीकरण के लिए बाल कल्याण के सिद्धांतों के अनुरूप प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह पहल महिला एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में न्यायिक सक्रियता और संवेदनशीलता का परिचायक मानी जा रही है।

## पुलिस से कांग्रेसियों की हुई झूमाझटकी

# युक्तियुक्तकरण का विरोध, कांग्रेस ने निकाली शिक्षा न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

भाजपा सरकार ने युक्तियुक्तकरण के विरोध मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला, ब्लॉक, शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे जिला शिक्षा विभाग का घेराव करने निकले, किन्तु जिला प्रशासन ने 2 किलोमीटर पहले ही हाई स्कूल के पास तगड़ा बेरीकेड लगा कर पुलिस फ़ोर्स को तैनात कर दी थी। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव भवन से निकलते ही भाजपा सरकार के खिलाफ युक्तियुक्तकरण वापस लो, बेरोजगार के साथ धोखा करना बंद करो, बेरोजगारो को रोजगार देना होगा जैसे नारे लगाने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भाजपा सरकार होश मे आ के काम करो, भाजपा सरकार मुर्दाबाद, जैसे नारेबाज़ी करते हुए निकले थे, हाई स्कूल पहुंचते ही पुलिस फ़ोर्स कांग्रेसियो को रोकने का प्रयास करती रही किन्तु कांग्रेस कार्यकर्त्ता और पुलिस के बीच हल्का झूमा झटकी हुआ फिर सभी कोंग्रेसी सड़क पर ही बैठ कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। इस बीच प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनू नेताम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसेल नाग, ने तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। पीसीसी महासचिव रजनू नेताम ने कहा की भाजपा की साय सरकार सडयंत्र पूर्वक युक्तियुक्तकारण कर शिक्षको को परेशान कर रही है। 30,000 शिक्षक भर्ती का वादा कर सत्ता मे आयी थी, इससे बचने के लिए ये पैतरा अपना कर शिक्षा का स्तर ख़राब कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन ने कहा की यूपीए सरकार मे शिक्षा का अधिकार योजना से कांग्रेस ने गाँव गाँव मे स्कूल खोला था, लेकिन जब भी भाजपा का सरकार बनता है स्कूल को बंद करने का काम करती है और दारू दुकान खोलने का काम करती है।



### ये हुए शामिल

कार्यक्रम मे पीसीसी सचिव देवनाथ उसेंडी, शहर अध्यक्ष, रघु मानिकपुर, शेख तौहीद अहमद महासचिव जिला कांग्रेस सचिव संजय राय, संतोष राव, वेदबती पात्र महासचिव प्रदेश महिला कांग्रेस रशीला कश्यप अध्यक्ष महिला कांग्रेस पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी बोधन देवांगन अध्यक्ष यूथ कांग्रेस विजय सलाम अध्यक्ष एनएसयूआई प्रमोद नैलवाल पूर्व उपाध्यक्ष नपा. नारायणपुर पंडी राम वड्डे पूर्व अध्यक्ष जनपद नारायणपुर गजा पटेल पूर्व एल्डरमैन जिला महासचिव रामसू, एन एस यू आई एवं अन्य सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### मुण्डागांव लेम्प्स में अप्रैल...

कराई जाती है। कृषि विभाग पूरे जिले में इसकी मॉनिटरिंग करता है। मुण्डागांव लेम्प्स समिति में किसानों को खाद क्यों नहीं मिली इस बात की जानकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से ली जाएगी। किसानों को तत्काल खाद उपलब्ध कराने कहा जायेगा।

### हमने कभी हिंसा का...

से मांग करता रहा है कि बस्तर में शांति स्थापित हो। उन्होंने कहा कि हालांकि यह सरकार का मसला है सरकार को चाहिए कि वह इस दिशा में जल्द ठोस कदम उठाए। पत्रवार्ता के दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी के अलाव कमलेश पैंकरा, सीताराम मांझी, पाण्डुराम तेलाम, विनीता बघेल, श्रवण सैंड्रा, मंगू लेकाम, सतीश मंडावी व अन्य समाज प्रमुख मौजूद थे।

### दिव्यांग महिला कर्मचारी से...

तक 9 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया था जिसे एमपी से गिरफ्तार कर लाया गया तथा उसके कब्जे से 2 मोबाईल व पासबुक बरामद किया गया है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थिया अरूणा साहू निवासी आईटीआई कन्या छात्रावास बस्तर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वर्ष 2019 में अमित नाम व्यक्ति अपने मोबाईल नंबर से कॉल कर बोला कि आपका लकी नंबर जियो में आ गया है और आपको 5 लाख रूपए बतौर ईनाम दिया जाएगा। आरोपी प्रलोभन देकर घटना दिनांक से अब तक अलग अलग मोबाईल नम्बर पर फोन पे के माध्यम से पैसा जमा कराया गया। इस दौरान उसने स्वयं को सीबीआई का अधिकारी बताकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए मई 2019 से 12 दिसम्बर 2024 के बीच कुल 9 लाख रूपए का धोखाधड़ी किया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल व डीएसपी सायबर सेल गीतिका साहू के नेतृत्व में मामले की तकनीकी जांच एवं विवेचना शुरू किया गया। इस दौरान विभिन्न बैंको से जानकारी लेकर सायबर सेल के मदद से मध्यप्रदेश जाकरआरोपी को चिन्हित किया गया।

### अंधड़ से उड़ गया इंटर...

संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी प्रदान करता है। यह केंद्र विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियां, गतिविधियां और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि आगंतुक वनों और वन्यजीवों के बारे में अधिक जान सकें।

सेंटर की शीघ्र होगी मरम्मत

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि सेंटर की शीट अंधड़ से उड़ गई, जिसकी शीघ्र ही मरम्मत की जाएगी। इससे पर्यटक निराश न हो सकें।

### निजी ट्रेव्हल्स के बस परिचालक...

दरवाजे को पीटा तब कही जाकर भानपुरी के पास बस चालक ने दरवाजा खोला। जिसके बाद मैने परिचालक को बोला कि तुम बस के साथ आए हो और यहां सो रहे हो इतने देर से दरवाजा खुलवा रहा हूं सुनाई नहीं दे रहा है। जिसके बाद परिचालक ने गाली-गलौच करनी शुरू कर दी। हम दोनो बहस कर रहे थे इसी दौरान परिचालक शैलेन्द्र ने लोहेनुमा राड सिर पर हमला कर दिया जिसके बाद उसके सिर से खून बहने लगा। जिसके बाद किसी तरह उसके मित्र ने उसे पकड़कर बस के भीतर ले गया उसके बाद में बेहोश हो गया। इसके उपरांत बस जगदलपुर पहुंचने पर घायल व्यापारी को महारानी अस्पताल में लाकर उपचार कराया गया। पिड़ित व्यापारी ने बताया कि उसने संबधित परिचालक के खिलाफ बोधघाट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उसने कहा कि वह पुलिस प्रशासन से उम्मीद करता है कि आरोपी परिचालक के खिलाफ उचित कार्रवाई करे ताकि फिर कभी दुबारा किसी और यात्रियों को इस तरह का खामियाजा उठाना ना पड़े।

बस चालक व परिचालक से यात्री परेशान

बस चालक या परिचालक द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम देने का यह पहला मामला नहीं है इससे पूर्व भी कई दफे इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा चुका है जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। पिड़ित ने बताया कि सुकमा से रायपुर जाने वाली हर बसों में आए दिन ऐसी शिकायते आती रहती है। कई बार बस चालक देर होने के बहाने बनाते हुए बस को शौच के लिए नहीं रोकते है। अक्सर लोग इसी कारण बस चालकों के साथ मारपीट करते है उसके बावजूद बस चालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे है।

### तीन ट्रैक्टर जब्त कर 3 आरोपियों...

भानपुरी पदमलाल पांडे, परिक्षेत्र सहायक जामगांव डोमूराम नेताम, परिसर रक्षक नृपेन्द्र सिंह गौतम, परिसर रक्षक छेण्डूराम कश्यप, परिसर रक्षक श्रीमती मुन्नी मौर्य एवं सुरक्षा श्रमिकों के सहयोग से अतिक्रमण सूचना स्थल पर पहुंचे। जहां भानपुरी परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक आरएफ 13 एवं कक्ष क्रमांक पीएफ 34 में अतिक्रमण के उद्देश्य से आरोपी ग्राम बोरीगांव निवासी 40 वर्षीय तुला, 34 वर्षीय मंगलू और सोरगांव मयागुड़ा निवासी 19 वर्षीय प्रेमलाल द्वारा ट्रैक्टर से वन भूमि में जुताई कार्य कर रहे थे। जिससे तीनों आरोपियों के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रैक्टरों को जप्त कर राजसात की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सात प्रकरणों की सुनवाई 26 को

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा बस्तर जिले में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक एवं सम्भाग प्रभारी सुश्री दीपिका सोरी एवं सह प्रभारी ओजस्वी मण्डावी द्वारा की जाएगी। सात प्रकरणों की सुनवाई 26 जून को कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रेरणा सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से होगी।

### योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे विधायक

जगदलपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक किरण सिंह देव को नामांकित किया गया है।

### माड़ के सुदूर बड़ेपल्ली में स्वास्थ्य शिविर



जगदलपुर। विकास खण्ड भैरमगढ़ अंतर्गत कलेक्टर के मार्गदर्शन मे मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर व खण्ड चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व मे माड़ क्षेत्र मे स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर बड़ेपल्ली मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 100 मरीजों का ईलाज डॉ रमेश तिग्गा बीएमओ भैरमगढ़ मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया। इसके साथ ही पहाड़ क्षेत्र मे नेटवर्क क्षेत्र की पहचान कर कुल 90 हितग्राहियो का आयुष्मान कार्ड आरएचओ बलराम घरत,नीति आयोग कोऑर्डिनेटर प्रतीक्षा पटेल,एमटी बारियाभूमि मंजू लता राठौर व वाहन चालक सुरेश सोढ़ी द्वारा बनाया गया। साथ ही चिरायु टीम द्वारा 2 आंगनबाडी का विजिट किया गया। साथ ही स्क्रीनिंग का कार्य किया गया। खण्ड विस्तार प्रशिक्षक अधिकारी बीआर कुर्राम द्वारा मौसमी बीमारी से बचाव व उपचार व समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की जानकारी दिया गया। शिविर मे समस्त आरएचओ व मैदानी कार्यताओं का विशेष सहयोग रहा।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम

# सबके सहयोग से बस्तर का सर्वांगीण विकास के लिए करना होगा प्रयास : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम बुधवार को शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी (टॉऊन हॉल) में आयोजित

■ अभियान में बस्तर जिले में 377 गावों का समग्र विकास हेतु 17 विभागों की 25 योजनाओं का मिलेगा लाभ : कलेक्टर

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेश कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर के सर्वांगीण विकास के लिए शासन द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र की बहुसंख्यक जनजातियों को लेना आवश्यक है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से बस्तर के विकास के लिए योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन्. लाभार्थियों द्वारा योजना का लाभ लेकर और सब का सहयोग से बस्तर का सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास करना होगा।

बस्तर के जनजातीय जीवन में जल, जंगल, जमीन से जीवन यापन का एक साधन ही नहीं अपितु उनके आर्थिक विकास में भी प्रमुख भूमिका रही है। उन्होंने भारत के महापुरुषों द्वारा कही बात को याद करते हुए कहा कि भारत देश की आत्मा गांव में बसती है इसलिए गांव के विकास के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने जनजातीय समाज के वीर नायकों को नमन करते हुए उनके बलिदान को भी उल्लेख किया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में प्रधानमंत्री ने बस्तर के अद्योसंरचना के विकास और परिवहन सुविधा हेतु कई घोषणा की और बजट का भी प्रावधान किया, जिसका लाभ जल्द ही बस्तर क्षेत्र को मिलने लगेगा। बस्तर अब बदल रहा है, बस्तर में कई संभावनाओं को अवसर प्राप्त हो रहे हैं। संभाग के सभी जिलों से जनजातीय युवा विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बस्तर का नाम रौशन कर रहे हैं और बस्तर प्रमुख व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों से बस्तर को पर्यटन क्षेत्र में भी नाम कमा रहे हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम, पार्षद वेदप्रकाश पाण्डेय, नरसिंह राव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आदिवासी समाज के प्रमुख, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, सहायक आयुक्त गणेश शोरी सहित आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी, बहुसंख्यक गणमान्य नागरीक उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी और हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की पहल की गई। अतिथियों ने स्टॉलों का निरीक्षण किया और कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा रागी बीज वितरण करवाया गया।

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शुरू किया गया जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय सशक्तिकरण और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के नागरिकों का कल्याण, सशक्तिकरण और विकास करना है।

#### जनजातीय विकास की नई पहल

कार्यक्रम में कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि जनजातीय विकास की नई पहल धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत 15 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री द्वारा की गई। इस अभियान के तहत बस्तर जिले में 377 गावों का समग्र विकास 17 विभागों की 25 योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके अलावा आधार कार्ड, जाति-निवास-आय प्रमाण पत्र अन्य राजस्व सेवाएं,राशन कार्ड संबंधित कार्य, आयुष्मान कार्ड-स्वास्थ्य बीमा, श्रमिक पंजीयन व श्रम विभाग की अन्य योजनाएं, कृषि-उद्यानिकी-पशुपालन विभाग की योजनाएं,सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन,प्रधानमंत्री आवास योजना,मनरेगा जॉब कार्ड पंजीयन के साथ ही शिक्षा व महिला-बाल विकास विभाग की योजनाएं की सेवाएं दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं की त्वरित निराकरण की करें पहल : कमिश्नर

जगदलपुर। कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री की घोषणाओं का जिला स्तर पर सकारात्मक एवं त्वरित निराकरण की पहल करें और शासन स्तर से निराकरण होने वाले घोषणा के लिए आवश्यक पत्राचार किया जाए। इसके अलावा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण के संबंध में पक्षकार या आवेदनकर्ता को भी सूचित करें। उन्होंने संभाग के सभी जिलों के अपर कलेक्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि मसाहती सर्वे हेतु अधिसूचित ग्रामों के सर्वेक्षण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करवाएं। साथ ही भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की जांच करवाकर निराकरण की कार्यवाही करें और भू-अर्जन का रिकार्ड दुरुस्त होने के उपरांत ही मुआवजा राशि का वितरण करवाएँ। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा एफआरए में नामांतरण, बंटवारा में काम नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्रस्ताव दें। गुरुवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित कमिश्नर सभी जिलों के अपर कलेक्टर सहित संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लिया। कमिश्नर ने बैठक में संभाग के सभी जिलों में सुशासन तिहार के आवेदनों का निराकरण की स्थिति, आत्मसमर्पित नक्सलियों के कौशल विकास और उनके लिए स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की प्रगति का संज्ञान लिया। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर आरती वाशनिक, गीता रायस्त, बी एस सिदार सहित सभी जिलों के अपर कलेक्टर, सभी विभाग के संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जन भागीदारी मद का 2 करोड़ की खरीदी का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा जमा किया गया राशि पूर्व प्राचार्य द्वारा अनियमितता किया गया। जन भागीदारी मद का लगभग दो करोड़ का फर्जीवाडा का सूचना का अधिकार के माध्यम से प्राप्त केशबूक की प्रतिलिपि से उजागर हुआ। तत्कालीन प्राचार्या के कार्यकाल में दर्जनों सूचना का अधिकार आवेदनों के माध्यम से वित्तीय भ्रष्टाचार से सम्बंधित दस्तावेजों की मांग किया गया था। विभाग के प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश राज्य सूचना आयोग के आदेश के पश्चात भी नहीं दिया गया। उक्त आरोप आरटीआई एक्टिविस्ट शांतनु कर्मकार ने लगाया है। उन्होंने आरटीआई से मांगे दस्तावेज हरिभूमि को प्रेषित कर महाविद्यालय की तत्कालीन प्राचार्य पर गम्भीर आरोप लगाया है।

प्राप्त केशबूक के अनुसार तत्कालीन प्राचार्य द्वारा सेवानिर्वृत्ति कि सायं लगभग 10 लाख का भुगतान किया गया। उसका कैश बुक में समायोजन बिना आहरण संवितरण एवं प्रभारी प्राचार्य के कर दिया गया। यह फर्जी भुगतान प्रक्रिया में उनकी बहन भी शामिल होकर पूर्ण किया गया,सभी दस्तावेजी प्रमाण है।



#### आडिट रिपोर्ट महाविद्यालय प्रबंधन के पास

आवेदक द्वारा जन सूचना अधिकार के तहत जो जानकारी मांगी गई थी, उपलब्ध करा दिया गया है,कुछ दस्तावेज गायब है, उसे महाविद्यालय प्रबंधन उपलब्ध कराने में असक्षम है। आवेदक द्वारा कुछ ऐसी जानकारी मांगी गई है,जिसे नियममानुसार उपलब्ध नही कराया जा सकता। उस रिपोर्ट को मेरे द्वारा शासन को भेज दी गई है। महाविद्यालय प्रबंधन के पास आडिट रिपोर्ट मौजूद है। आडिट कार्य का निष्पादन करने वाले लिपिक की पत्नि अस्वस्थ्य है,चेन्नई में उपचार कराकर वापस काम पर लौटने पर आवेदक आडिट रिपोर्ट अवलोकन कराया जाएगा। जहां तक तत्कालीन प्राचार्य डॉ विजय लक्ष्मी के कार्यकाल में अनियमितता हुआ कि नही यह मेरे जानकारी में नही है।

**अनिल कुमार**
प्राचार्य, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर

## गायब बहन की तलाश करने मायूस भाई ने लगाई महिला आयोग सदस्य से गुहार

हरिभूमि न्यूज : सुकमा

विकासखण्ड छिंदगढ़ के ग्राम पतिनाईकरास के पारा कोकरतोंग की बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रा मंजुलता नाग पिछले 26 मई को घर से छात्रावास जा रही हूं कहकर निकली और आज तक अपने घर वापस नहीं पहुंची है । जिसकी रिपोर्ट छिंदगढ़ थाने में उसके परिजनों ने 11 जून को लिखाई है । छोटी बहन की चिंता में भटक रहे मंजू के बड़े भाई कैलाश नाग दंतेवाड़ा,रायपुर,गीदम,बीजापुर से पतासाजी करते करते आज छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी से गुहार लगाई। आयोग की सदस्य ने उन्हें भरोसा दिलाते हुए कहा कि जल्द से जल्द उनकी बहन उनके पास होगी इस कार्य हेतु जो भी सम्भव होगा मदद की जाएगी। कैलाश ने कहा कि 23 मई को

■ छिंदगढ़ थाना के अंतर्गत पतिनाइकरास का है मामला, छात्रा 26 मई से है गायब



आखरी बार मंजू हमारे माता पिता से छात्रावास जा रही हूं कहकर निकली ,उसे हमारे बड़े भाई अजय कुमार ने ब्लॉक मुख्यालय छिंदगढ़ में छोड़ दिया था,मंजू ने हमारी माता पदमा नाग को एक मोबाइल नम्बर दिया था जिसमें काल करने की बात की थी,मां ने वह नम्बर मुझे देकर बहन की खैरियत पूछने हेतु कहा परन्तु मैंने कई दफा काल किया पर वह बन्द ही बता रहा था । जिसपर घरवालों ने घबरा कर छिंदगढ़ थाना में सूचना दिया । कैलाश ने बताया कि मेरी छोटी बहन कुछ दिनों पूर्व ग्राम बोकड़ा ओडार के एक युवक से यूपी बिहार काम करने अपने दोस्तों के साथ जाकर वापस आने की बात की थी परंतु अब तक कुछ पता नहीं चल पा रहा है।

दीपिका शोरी ने कहा कि पिछले कुछ समय से हमारे जिले में लगातार ऐसी घटनाएं हो रही है यह एक आदिवासी बाहुल्य जिला है और यहां के आदिवासी स्वाभाविक रूप से भोले भाले होते हैं पूरे जिले में अन्य प्रदेशों से आए हुए लोग अलग अलग सेक्टर में कार्य कर रहे हैं जिसका कोई भी रिकार्ड हमारे पास नहीं होता है ,ऐसे में हमारी छोटी छोटी बच्चियों को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाएं इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता ।

## सिरिसगुड़ा में हुआ सिरहा-गुनिया सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल में ग्राम पंचायत सिरिसगुड़ के सरपंच सामुराम कुहराम एवं सरपंच लोकेष मण्डावी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋषभ साव की उपस्थिति में दस्त नियंत्रण पखवाड़ा एवं मलेरिया रोधी माह के अन्तर्गत बरसाती बीमारियों से संवेदनशील क्षेत्र माने जाने वाले ग्राम पंचायत सिरिसगुड़ा एवं आसपास क्षेत्र के सिरहा-गुनिया को सिरिसगुड़ा में आमंत्रित कर प्रथम बरसात के समय होने वाले मौसमी बीमारी से बचाव में स्वास्थ्य अमला को सहयोग देने हेतु आग्रह किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वास्थ्य अमला द्वारा सिरहा गुनिया का चरण धुला कर अक्षत लगाकर पुष्प देकर स्वागत किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के गायत्री बघेल, शान्ता टोप्पो एवं मितानीन प्रेरक उषा पोड़ियामी उपस्थित रही। शिवनारायण पाण्डे द्वारा प्रथम बरसात के समय होने वाले बीमारियां उनसे बचाव एवं इस अवधि में स्वास्थ्य अमला सिरहा, गुनिया और मितानीन को कैसे समन्वय रखते हुए अपने क्षेत्र को स्वस्थ रखना है इसकी जानकारी दी गई। उसके पश्चात्स मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाईजर सुदर्षन कष्यप द्वारा मलेरिया से बचाव की जानकारी देते हुए नियमित मच्छरदानी का उपयोग की बात की गई। सिरहा-गुनिया सम्मेलन को सरपंच सामुराम कुहराम, सिरहा अर्जून, सीएचओ गायत्री बघेल द्वारा भी संबोधन किया गया। संबोधन के पश्चात खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋषभ साव द्वारा समस्त उपस्थित सिरहा - गुनिया को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के अवसर पर सिरहा महादेव कष्यप को पैर धुलाते समय उनके शरीर में शक्ति आना विषे घटना रहा, जिन्हे निवेदन कर शान्त किया गया। शरीर में आरूढ़ शक्ति के समय सिरहा महादेव के द्वारा सभी उपस्थित लोगो को आर्शीवाद दिया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, स्वास्थ्य अमला, सिरहा-गुनिया के अतिरिक्त क्षेत्र के मितानीन एवं ग्रामीण भी उपस्थित थे।



## बच्चों को योग का कराया जा रहा अभ्यास, दे रहे काढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आयुष विभाग द्वारा पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शासकीय आयुर्वेद औषधालय डिमरापाल की ओर से प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है, योग के बाद बच्चों को काढ़ा दिया जा रहा है। साथ योग शिक्षक द्वारा अनुलोम विलोम, ताड़ासन, प्राणायाम, ध्यान सहित तरह के राजयोग का अभ्यास कराया गया। योग के माध्यम से कई तरह की लाइलाज बीमारियों का इलाज संभव है। शिविर में शासकीय आयुर्वेद औषधालय डिमरापाल के डॉ. ऋचा कटारे, योग शिक्षक श्रीमती ज्योति विश्वकर्मा सहित फर्मासिस्ट योगेश्वर लाल सोनी, आयुर्वेद सेवक हरेन्द्र मौर्य, महादेव नाग आदि पहुंच रहे हैं।

#### जीवन शैली में बदलाव लाना

जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनिश साहू ने बताया कि योग और आयुर्वेद के माध्यम से हितकर और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। जीवन शैली जन्य रोगों जैसे मधुमेह, ब्लड प्रेशर इत्यादि रोगों के फैलाव को रोका जा सके। इन रोगों का प्रसार रोकने का एकमात्र तरीका लोगों की दिनचर्या और जीवन शैली में बदलाव लाना है।

## दंतेश्वरी कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ, 25 जुलाई तक विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महाविद्यालय जगदलपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। 16 जून से 25 जुलाई तक 4 चरण में विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे।

प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने जानकारी दी कि यह महाविद्यालय बस्तर संभाग का एकमात्र महिला स्नातकोत्तर संस्थान है । जहां मानवशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, गृहविज्ञान एवं प्राचीन भारतीय इतिहास विषयों में मास्टर डिग्री साथ ही अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान, हिंदी साहित्य, मानवविज्ञान एवं प्राचीन भारतीय इतिहास में बी.ए. की डिग्री प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त वाणिज्य वर्ग में बी.कॉम एवं गणित विषय के साथ जीवविज्ञान संकाय में बी.एससी. की डिग्री संचालित है। शैक्षणिक के साथ-साथ महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु एनएसएस, खेल गतिविधियाँ, रेडक्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी सहपाठ्येतर गतिविधियाँ भी संचालित की जाती है। साथ ही एनईपी 2020 के अनुसार विषय आधारित कौशल विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। छात्राओं के रोजगार से संबंधित मार्गदर्शन, व्याख्यान, प्रतियोगिताएं एवं विशेष कक्षाओं का संचालन हेतु करियर गाइडेंस प्रकोष्ठ की सुविधा उपलब्ध है। आरक्षित वर्ग व सामान्य वर्ग के निर्धन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं शासन द्वारा निर्धारित सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।




## पेयजल स्रोतों के समीप क्लोराइड का करवाएं छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह द्वारा संभाग के दूरस्थ चार विकासखंड के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, मौसमी बीमारियों की रोकथाम सहित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा किए। उन्होंने विडियो कान्फ्रेंस से कांकेर जिले के पखांजूर, सुकमा जिले के छिंदगढ़, बस्तर जिले से दरभा और बीजापुर जिले से भोपालपटनम विकासखड़ के अधिकारियों से चर्चा किया। इस दौरान कमिश्नर ने मौसमी बीमारियों के लिए दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए, साथ ही पेयजल के स्त्रोतों के समीप क्लोराइड का छिड़काव करवाएं। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों में पेयजल और विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। इस वीसी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र का रिकार्ड रुम में संधारित करने तथा अनुविभागीय अधिकारी (वन) वन भूमि में वन अधिकारी मान्यता प्रमाणपत्र का नामांतरण की कार्यवाही का संज्ञान लिया।

■ कमिश्नर ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

## सिविक एक्शन कार्यक्रम में युवाओं को दिए जरूरत के सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर पुलिस द्वारा जिले के सबसे दूरस्थ नक्सल प्रभावित ग्राम रहे कलेपाल में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों व युवाओं में जरूरत के सामानों का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों व युवाओं से नक्सलवाद के खिलाफ एकजुट रहने का आव्हान बस्तर पुलिस द्वारा किया गया।

■ कलेपाल समेत आसपास के गांव के सैकड़ों ग्रामीणों रहे मौजूद

एसपी शलभ कुमार सिंन्हा के निर्देश पर जिले के चौकी पखनार व थाना दरभा क्षेत्रा के सुदूर ग्राम कलेपाल में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। इस दौरान ग्रामीणों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन भी कराया गया। ग्रामीणों को नक्सलवाद उन्मूलन, साइबर अपराध, डिजिटल साइबर अरेस्ट संबंधित फ्रॉड, महिला एवं बच्चों से जुड़े अपराध, यातायात, नशामुक्ति इत्यादि के संबंध में जानकारी देकर ग्रामीणों को जाकरुक किया गया। ग्राम पंचायत भवन परिसर में बच्चों के शैक्षणिक विकास तथा मनोरंजन तथा आम जन के मनोरजन के उद्देश्य से टेलीविजन, डीटीएच के अलावा क्रिकेट किट, वॉली बॉल, कैरम इत्यादि खेल सामग्री का वितरण किया गया। वही ग्रामीणों से नक्सलवाद के खिलाफ एकजुट रहने तथा भटके हुए युवाओं से मुख्यधारा में जुड़े रहने की अपील की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों के स्थानीय समस्याओं को सुनकर निराकरण संबंधित आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक अभिजीत सिंह भदौरिया के अलावा थाना प्रभारी दरभा चाणक्य नाग, चौकी प्रभारी पखनार राजेश राठौर के अलावा अन्य पुलिस कर्मचारी एवं लगभग 2 सौ से अधिक ग्रामीण महिला, पुरूष व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

